भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या- *118

गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)

देश में बेरोजगारी की दर

***118. श्री साकेत गोखले:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख के अनुसार, देश में बेरोजगारी की दर क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा देश में अनौपचारिक/असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी दर के आकलन के लिए किस कार्य-पद्धति का उपयोग किया जाता है?

उत्तर

श्रम और रोजगार मंत्री

(डॉ मनसुख मंडाविया)

(क) से (ख): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

“देश में बेरोजगारी की दर” के संबंध में श्री साकेत गोखले द्वारा दिनांक 01-08-2024 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *118 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (ख): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, प्रति वर्ष जुलाई से जून तक होती है। पीएलएफएस सर्वेक्षण देश में श्रम बल को निर्धारित करता है, जो व्यक्ति या तो 'काम करते' हों (या नियोजित हों) अथवा 'काम ढूंढ रहे हों या काम के लिए उपलब्ध हों' (या बेरोजगार हों)। बेरोजगारी की दर (यूआर), श्रम बल में बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिकलित की जाती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के आंकड़ों के अनुसार, अनुमानित बेरोजगारी की दर (यूआर), सामान्य स्थिति पर, 15 वर्षों और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के दौरान, क्रमशः 4.2%, 4.1% और 3.2% थी। आँकड़े, देश की बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाते हैं।

****